हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

**रोहतक**, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

11 परिवारों की मजबूती से सशक्त होगा देश : हरिवंश



12 गुजरात के सीएम से मिले अनिल खत्री



**खबर संक्षेप**

### बीड़ी देने से इनकार किया तो चाकू घोंपा

**बहादुरगढ़।** देवीलाल पार्क के बाहर रविवार रात एक युवक पर बदमाशों ने हमला कर दिया। बीड़ी मांगने पर जब युवक ने इंकार किया तो बदमाशों ने पहले उसका गला दबोचा और फिर पेट में चाकू घोंपकर मोबाइल छीन लिया। गंभीर रूप से घायल पीड़ित को पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। पुलिस ने मामले में जांच शुरू कर दी है। वारदात नंदलाल के साथ हुई है। यूपी के हरदोई मूल का नंदलाल यहां लक्ष्मी नगर में रहता है और एक ट्रांसपोर्ट कंपनी में हेल्पर है। रविवार रात वह देवीलाल पार्क की दीवार के पास खड़ा था, तभी दो युवक उसके पास आए। नंदलाल के मुताबिक, उनमें से एक ने बीड़ी मांगी। मैंने मना किया तो गला दबाकर मोबाइल निकालने की कोशिश की। विरोध करने पर आरोपियों ने पेट में चाकू घोंप दिया और मोबाइल लेकर फरार हो गए। रक्त से लथपथ हालत में किसी तरह नागरिक अस्पताल पहुंचा, जहां से उसे पीजीआई रेफर किया गया। सूचना पाकर सेक्टर-6 थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की।

### चौथे दिन भी बंद रहा फाटक, परेशानी

**बहादुरगढ़।** मरम्मत कार्य के चलते लगातार चौथे दिन भी कुछ घंटे के लिए बराही फाटक बंद की गई। इस वजह से दोपहर बाद आवागमन प्रभावित रहा। दरअसल, शुक्रवार को बराही फाटक व आसपास ट्रैक पर काम शुरू हुआ था। इसलिए रविवार तक लगातार तीन दिन दिनभर फाटक बंद रही। वहीं सोमवार को दोपहर बाद कुछ घंटों के लिए फिर से काम किया गया। इस वजह से दोपहर तीन बजे फाटक बंद की गई। कर्मियों ने कहा कि दो, घंटे काम के बाद खोल दिया गया।

### प्लेट चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस की एक टीम द्वारा प्लेट चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। शहर थाना प्रभारी सुनीता ने बताया कि विकास निवासी भट्टी गेट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को पकड़ा गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सोमबीर व कुलदीप के तौर पर की गई है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपी मोतीराम को एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। वहीं अन्य दोनों को रिमांड पर लिया है।

### हथियार सहित युवक गिरफ्तार, केस

**बहादुरगढ़।** पुलिस की एंटी व्हीकल थेफ्ट टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नवीन निवासी कुलासी के रूप में हुई है। गश्त के दौरान कुलासी में निलोठी मोड़ के पास से उसको काबू किया गया। तलाशी लेने पर अवैध हथियार बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ सदर थाने में केस दर्ज किया गया है। अदालत में पेश कर उसे जेल भेज दिया गया।

### संदिग्ध हालात में दो लोगों की मौत

**बहादुरगढ़।** इलाके में संदिग्ध परिस्थितियों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने शवों के पोस्टमार्टम करा दिया है। दरअसल, सिलोठी के खेतों में एक व्यक्ति मृत मिला। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है। उसकी मौत कैसे हुई, यह खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट से हो सकेगा। वहीं, दूसरी तरफ छोटूराम नगर में तबीयत बिगड़ने पर एक युवक को अस्पताल में लाया गया। ईलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया गया। किसी जहरीली वस्तु से युवक की मौत की बात सामने आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। मृतक की पहचान अजय के रूप में हुई है।

---

अधिकतम बोली लगाकर आढ़तियों ने की धान की खरीद

# 2700 से लेकर 2925 रुपये प्रति क्विंटल तक बिका धान

बाजरे की सरकारी खरीद अब तक नहीं हुई शुरू, किसान और आढ़ती नाराज



हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

अनाज मंडी में इन दिनों बाजरे और धान की आवक लगातार बढ़ रही है। मंडी में 1509 व 1692 किस्म का धान भी पहुंचना शुरू हो गया है। ऐसे में आढ़तियों द्वारा किसानों की धान की फसल अधिकतम बोली लगाकर खरीदी जा रही है। सोमवार को आढ़तियों ने बोली लगाकर धान खरीदा। धान की न्यूनतम बोली 2700 रुपये और अधिकतम बोली 2925 रुपये प्रति क्विंटल रही।

### धाव की आवक बढ़ेगी

*हालांकि, बाजरा खरीद का कार्य सरकार द्वारा अब तक शुरू नहीं किया गया है। इस वजह से किसानों और आढ़तियों में रोष है। उनका कहना है कि आगामी दिनों में धान की आवक और बढ़ेगी, जिससे मंडी परिसर में अव्यवस्था और परेशानी बढ़ना तय है। आढ़ती संदीप ने बताया कि सरकार को चाहिए कि जल्द से जल्द बाजरे की खरीद शुरू करे, ताकि किसानों को राहत मिल सके और मंडी में अनाज के भंडारण की समस्या न खड़ी हो।*

## डीसी ने लिया फीडबैक, मंडी पहुंचकर किसानों से की बात

**झज्जर।** सोमवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने स्थानीय अनाज मंडी का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने मंडी में पहुंचे किसानों और आढ़तियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। आढ़तियों और किसानों ने विशेष रूप से बाजरा की खरीद प्रक्रिया को लेकर अपने अनुभव और व्यावहारिक कठिनाइयां समक्ष रखीं। किसानों ने बाजरा खरीद सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय दी। डीसी ने खरीद एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप फसलों की खरीद सुनिश्चित करें।

### बाजरा में नमी की मात्रा जांचने के लिए रैंडम सैंपल लेकर मशीन में परीक्षण



निरीक्षण के दौरान उन्होंने बाजरा की नमी की मात्रा जांचने के लिए रैंडम तरीके से कुछ सैंपल उठाए और उन्हें मार्केट कमेटी कार्यालय में स्थापित मशीन पर परीक्षण कराया। उन्होंने खरीद प्रक्रिया में वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीके से गुणवत्ता परीक्षण सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

---

अनाज मंडी में सड़क मरम्मत के कार्य में खानापूर्ति, लोगों ने जताई नाराजगी

## एक्स पर सीएमओ को टैग कर शिकायत भेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़



इलाके में सड़कों के निर्माण व मरम्मत कार्य में खानापूर्ति बरतने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। ताजा मामला अनाज मंडी का है। यहां मरम्मत कार्य के दौरान हुई खानापूर्ति पर आसपास के दुकानदारों ने सवाल उठाए हैं। इतना ही नहीं, एक अधिवक्ता ने तो एक्स पर सीएमओ हरियाणा व कृषिमंत्री को टैग कर मामले में संज्ञान लेने की मांग उठाई है।

शहर के निवासी एडवोकेट नवीन सिंगल का कहना है कि रविवार को वह अनाज मंडी में किसी काम से गए थे। देखा तो वहां कुछ हिस्से में मरम्मत कार्य के नाम पर औपचारिकता निभाई गई थी। ढंग से काम करने के बजाय गड्ढों और उखड़ी स्तह पर रोड़ियां तथा तारकोल डालकर छोड़ दिया गया है। उसका लेवल भी नहीं किया गया। नजदीक जाकर देखा तो हाथ से सामग्री उखड़ रही थी। आसपास दुकानदारों से पूछा तो पता चला कि रविवार को ही मार्केट कमेटी की ओर से यह काम कराया गया है।

### जनता के पैसे का दुरुपयोग सहन नहीं

यह जनता के पैसों का दुरुपयोग है। खानापूर्ति कर सरकार को बदनाम करने के लिए भ्रष्टाचार किया जा रहा है। इस तरफ ध्यान देकर बेहतर तरीके से काम करने की जरूरत है। साथ ही दोषियों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाए। वहीं, दुकानदारों ने कहा कि काफी समय से सड़क की हालत खराब थी। अब मरम्मत के नाम पर भी लीपापोती हुई है।

---

## नयागांव में नई लाइब्रेरी का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

ग्राम पंचायत नयागांव ने गुर्जर चौपाल में नई लाइब्रेरी शुरु की है। इसका शुभारंभ भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने रिबन काटकर किया। दिनेश कौशिक ने कहा कि लाइब्रेरी की स्थापना गांव के युवाओं और विद्यार्थियों के लिए लाभकारी साबित होगी। युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने में बड़ी मदद मिलेगी।



**पंचायत और कौशिक क आभार जताया :** ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत और दिनेश कौशिक का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि प्रमोद दलाल, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, मार्केट कमेटी अध्यक्ष विनोद कौशिक व वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता भी मौजूद रहे।

### डांडिया नाइट्स की धूम



### हरियाणवी कलाकार प्रदीप बूरा और पूजा हुड्डा ने बांधा समां

बहादुरगढ़। शहर के मेपल इंडो कैनेडियन स्कूल में डांडिया नाइट्स उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणवी कलाकार प्रदीप बूरा और पूजा हुड्डा ने प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। विशिष्ट अतिथि के रूप में मुस्कान यादव व टिंकू यादव ने डांडिया नाइट्स उत्सव में धमाल मचाया। स्कूल निदेशिका डॉ. सुनीता शर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ सुनीता शर्मा ने कहा कि बच्चों को उनकी संस्कृति से जोड़े रखने के प्रयास के उद्देश्य के तहत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर डॉ. सचिन भारद्वाज, दीक्षा मदान, मीनाक्षी पालीवाल, महिमा धवन तथा उपवन गर्ग आदि उपस्थित रहे।

---

रोहतक-दिल्ली रोड पर एक निजी बैंक के पास हादसा

## सड़क किनारे खड़ी आई 20 कार में अचानक आग लगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

रोहतक-दिल्ली रोड पर एक निजी बैंक के नजदीक सड़क किनारे खड़ी कार में अचानक आग लग गई। लोगों ने देखा तो तुरंत आग बुझाने के प्रयास शुरू किए, तब तक बोनट सहित अगले हिस्से में नुकसान हो चुका था।

**बोनट में लगी आग:** घटना सोमवार दोपहर की है। जानकारी के अनुसार, यहां शहर में स्थित एक निजी होटल का मालिक सन्नी दोपहर करीब पौने दो बजे रोहतक-दिल्ली रोड स्थित यस बैंक में आया था। बैंक से कुछ कदमों की दूरी पर सड़क किनारे उसने अपनी आई-20 कार खड़ी की थी। इसी दौरान गाड़ी के बोनट में अचानक आग लग गई। आसपास लोगों ने देखा तो तुरंत आग बुझाने के प्रयास शुरू किए। दमकल विभाग को भी सूचना दी। कुछ देर में आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि तब तक बोनट व कार के अगले हिस्से में काफी हानि हो चुकी थी। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं है। हालांकि आग से कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ।



**बहादुरगढ़।** आग लगने से क्षतिग्रस्त कार।

मेन बाजार में आगजनी मामला

## पीड़ित दुकानदार को तुरंत मुआवजा दे सरकार : राठी

**बहादुरगढ़।** शहर के मेन बाजार स्थित एक जनरल स्टोर में दो दिन पूर्व अचानक आग गई थी। इस भीषण आगजनी में दुकान का अधिकांश सामान जलकर राख हो गया। जिस कारण दुकान मालिक रतन गोपाल गुप्ता व हरीश गुप्ता को भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा था। दुकान भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है। सोमवार को इनेलो नेता भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया और पीड़ित परिवार से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित दुकान मालिक को सरकार की तरफ से उचित मुआवजा और सहायता मिलनी चाहिए। इस मौके पर विनीत, पुनीत ग्रोवर, बंटी गुप्ता, राहुल कश्यप, रोहित मोंगिया आदि मौजूद रहे।



## लिंगानुपात में सुधार के लिए सभी विभाग मिलकर कार्य करें : एडीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में सोमवार को लिंगानुपात मामले में गठित जिला स्तरीय स्टैंडिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी जगनिवास ने की। बैठक में जिले के लिंगानुपात की वर्तमान स्थिति और उसे बेहतर बनाने के लिए चल रही योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। एडीसी ने कहा कि जिले के जिन ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लिंगानुपात में अपेक्षाकृत कम सुधार हुआ है, उनके लिए विशेष रणनीति तैयारी करने के निर्देश दिए। इसमें स्वास्थ्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सीडीपीओ और अन्य विभाग मिलकर समन्वित रूप से कार्य करेंगे।




### सीटीएम ने समाधान शिविर में समस्याएं सुनकर समाधान किया




**झज्जर।** जिला प्रशासन द्वारा सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं। शिविर में सीटीएम नमिता कुमारी ने लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी शिकायतों व मांगों को सुना। शिविर के दौरान बिजली, पानी, राजस्व, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, पेंशन, राशन कार्ड, भूमि विवाद, सड़क और अन्य स्थानीय समस्याओं से संबंधित मामलों को सुनकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए गए। शिविर में कुल 12 शिकायतें दर्ज की गईं।

---

लोहारहेड़ी में 5वां भारत केसरी दंगल, पहलवानों ने दिखाया दमखम

## रोहित मोर और अरुण का दंगल बराबरी पर छूटा, नवीन ने विक्रांत को हराया

विधायक ने पहलवानों के हाथ मिलवाकर किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

गांव लोहारहेड़ी में 5वां विशाल भारत केसरी कुश्ती दंगल आयोजित किया गया। विधायक राजेश जून ने बतौर मुख्य अतिथि पहलवानों का हाथ मिलाकर विशाल दंगल का शुभारंभ किया। उन्होंने आयोजकों को अपनी नेक कमाई से 31 हजार रुपए की धनराशि सहयोगस्वरूप भेंट की।दंगल में पहली कुश्ती रोहित मोर और अरुण पहलवान के बीच बराबर रही। दूसरी कुश्ती नवीन और विक्रांत के बीच हुई। जिसमें नवीन ने जीत हासिल की। तीसरी कुश्ती हन्नी और अजय के बीच हुई। जिसमें अजय जीत गया। सभी पहलवानों को नकद धनराशि और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



**बहादुरगढ़।** दंगल में पहलवानों को प्रोत्साहित करते विधायक राजेश जून।

### नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाएं : विधायक

विधायक राजेश जून ने कहा कि क्षेत्र के पहलवान राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर बहादुरगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं। नायब सरकार खिलाड़ियों को पदक के आधार पर नकद इनाम, सरकारी नौकरी और मान-सम्मान दे रही है। जून ने बच्चों व युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे से दूर रहकर खेलों को अपनाएं। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहें।

## भारी वाहनों पर लगाई रिफ्लेक्टर टेप





**बहादुरगढ़।** सेवा पखवाड़ा के तहत केएमपी ट्रैफिक पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष अभियान चलाया। इस दौरान कॉमर्शियल वाहनों सहित अन्य गाड़ियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगाई गई। एसएचओ नरेश कुमार के नेतृत्व में चले अभियान के दौरान चालकों को रिफ्लेक्टर टेप के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस ने चालकों को बताया कि रात के समय रिफ्लेक्टर टेप वाहनों की पहचान आसान बनाती है, जिससे सड़क हादसों की आशंका काफी हद तक कम हो जाती है। साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई और नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत भी दी गई।





विशेषः विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



# समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा
डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भावः** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



## सम्मान और मर्यादित बर्ताव

रावण के अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेशः** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।


**स्त्रियों का साथ दे समाजः** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।



# बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।

परवरिश
सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएंः** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएंः** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि हम अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीकेः** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।

फिटनेस फंडा
सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।


# जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस

मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।

**फिटनेस है जरूरीः** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियलः** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।



**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरीः** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।



**डाइट प्लानः** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलोः** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिटः** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यासः** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स



हेयर केयर
शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिएः** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।



**सफेद बालः** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

दायित्व
यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

# परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।

**अपनों के साथ को तरसतेः** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।



**बदलती जीवनशैली का प्रभावः** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरणः** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्वः** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

## समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

## खबर संक्षेप



झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एडीसी जगनिवास। फोटो :हरिभूमि

### जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाने के दिए निर्देश

झज्जर। जिले को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को लेकर सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस रूम में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एडीसी जगनिवास ने की। जिसमें सिविल सर्जन डॉक्टर जयमाला व टीबी उन्मूलन अभियान से जुड़े विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में टीबी उन्मूलन अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। एडीसी ने कहा कि सरकार ने स्वास्थ्य विभाग को अत्याधुनिक जांच मशीनें उपलब्ध कराई हैं। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच पूरी तरह निशुल्क है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जिले को टीबी मुक्त बनाने के लिए जागरूकता बढ़ाने के निर्देश दिए।

## पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया

# सप्तम नवरात्र पर हजारों श्रद्धालुओं ने किए मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन

सुबह निर्धारित समय पर माता को सुरक्षा के बीच बाहर वाले मंदिर ले जाया गया





बेरी। माता भीमेश्वरी देवी की प्रतिमा, मां भीमेश्वरी देवी मंदिर में माता के दर्शनों के लिए उमड़ी लोगों की भीड़। फोटो :हरिभूमि



झज्जर। मेले के दौरान श्रद्धालुओं में जूस वितरित करते हुए संस्था सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरी

सोमवार को माता भीमेश्वरी देवी मंदिर में सप्तम नवरात्र पर हजारों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर माता का आशीर्वाद लिया। सुबह निर्धारित समय पर माता को सुरक्षा के बीच बाहर वाले मंदिर ले जाया गया। जहां श्रद्धालुओं ने जयकारे लगाकर माता का गुणगान किया। मेला में माता के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को जरूरी सुविधाएं प्रदान करने की समुचित व्यवस्था रही। श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वहीं पूरा मेला परिसर सीसीटीवी की जद में है। माता के दर्शनों के लिए बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई है। उधर, श्रद्धालुओं ने अष्टमी के दिन कन्या पूजन के लिए तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके कारण अन्य दिनों की अपेक्षा श्रद्धालुओं की भीड़ बाजारों में ज्यादा रही और श्रद्धालुओं ने फल, मिठाइयों आदि की जमकर खरीददारी की।

### मां भीमेश्वरी मेले में श्रद्धालुओं को पिलाया जूस

झज्जर। इंडेप्थ विजन फाउंडेशन, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया एवं विश्व हिंदू परिषद द्वारा सोमवार को मां भीमेश्वरी मेला बेरी में शिव चौक पर श्रद्धालुओं के लिए जूस पिलाया गया। मां भीमेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने जूस पीकर अपनी प्यास बुझाई। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद के धर्म प्रसार विभाग से प्रांत प्रमुख राजेश शर्मा, इंडेप्थ विजन फाउंडेशन से पूनम देशवाल, सेवा ट्रस्ट यूके इंडिया से साहिल, साक्षी, जसवंत, वंश, विकास, अभिषेक, प्रियंका, संदीप, विकास कौशिक, प्रियंका यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## संस्थान में आने वाले बच्चों को दें एडोलसेंस एजुकेशन : खन्ना



झज्जर। प्रशिक्षण में विद्यालय मुखियाओं को संबोधित करते हुए डाइट प्राचार्य राजेश खन्ना। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान माछरौली में एडोलसेंस एजुकेशन कार्यक्रम के अंतर्गत जिले के 80 विद्यालय मुखियाओं को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्राचार्य कम जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में उपस्थित हरियाणा एड्स कंट्रोल सोसायटी पंचकूला की उप निदेशक डॉक्टर उजिता बाल्यान, स्थानीय नागरिक अस्पताल के एडोलसेंस काउंसलर संदीप जांगड़ा व मीनाक्षी ने बच्चों में होने वाले हार्मोन्स परिवर्तन के समय रिस्क बिहेवियर से कैसे बचाया जाए और एड्स कैसे फैलता है उससे बचाव संबंधी जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी कम डाइट प्राचार्य राजेश खन्ना ने कहा कि सभी विद्यालय मुखिया अपने संस्थान में आने वाले बच्चों को एडोलसेंस एजुकेशन और एड्स के बारे में जानकारी देकर उन्हें अच्छे राष्ट्र के निर्माण में सहयोगी बना सकते हैं। इस प्रशिक्षण के साथ-साथ डाइट में जहां एआई पर आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई वहीं टीजीटी साइंस और पीजीटी हिंदी के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का समापन भी हुआ। इस मौके सुनील कुमार, भूपेंद्र सिंह रोज, राजीव देशवाल, डॉक्टर निर्मल, डॉक्टर मनोज कौशिक, मनोज मलिक, डॉक्टर रमेश दहिया और विनोद कुमारी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को किया खादी से उत्पाद अपनाने के लिए प्रेरित

झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉक्टर श्रीओम ने विद्यार्थियों को खादी के उत्पादन, उपयोग व खादी से बने कपड़े, बैग व अन्य सामान के महत्व के बारे विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को खादी को अपने दैनिक जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि यह कदम भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी डॉक्टर पिंकी रानी, डॉक्टर राकेश कुमार, सोनू रानी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



झज्जर। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विशेषज्ञ। फोटो :हरिभूमि

# शिविर में स्कूल बस चालकों का स्वास्थ्य जांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

आईडीटीआर बहादुरगढ़ में सोमवार को स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नागरिक अस्पताल के चिकित्सकों ने स्कूल बस चालकों की आंखों सहित अन्य स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान कुल 220 चालकों ने शिविर का लाभ उठाया। दवाइयां और चश्में भी वितरित किए गए।

शिविर की अध्यक्षता एसडीएम एवं आरटीए अंकित कुमार चौकसे ने की। सीएमओ कार्यालय से डॉ. दिनेश कुमार, डॉ. योगेश नान्दवाना, डॉ. रविंद्र कुमार ने अपनी टीम के साथ जांच की। आरटीए अंकित कुमार चौकसे ने कहा कि सड़क सुरक्षा के लिए चालकों का पूरी तरह स्वस्थ होना बेहद जरूरी है। इसी उद्देश्य से ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।



बहादुरगढ़। जांच शिविर में चालकों का हेल्थ चेकअप करते चिकित्सक।

- 220 चालकों ने शिविर का लाभ उठाया दवाइयां और चश्में भी वितरित किए

### महत्वपूर्ण जानकारी दी

भविष्य में भी स्कूल बस चालकों के स्वास्थ्य परीक्षण के लिए नियमित शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि बच्चों की यात्रा और अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय बन सके। इंस्पेक्टर सतीश कुमार ने सड़क सुरक्षा, महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, नए आपराधिक कानून, नैतिक जिम्मेदारियों तथा नशा मुक्ति अभियान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। एडीटीओ राजेश मलिक, परिवहन निरीक्षक कृष्ण दलाल, उप परिवहन निरीक्षक चिराग व उप निरीक्षक सत्यप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### पूर्व सैनिकों ने की मातनहेल महाविद्यालय में एनसीसी शाखा खुलवाने की मांग



झज्जर। राजकीय महाविद्यालय मातनहेल में एनसीसी शाखा खुलवाने की मांग को लेकर हरियाणा पूर्व सैनिक संघ मातनहेल के सदस्यों ने ज्ञापन सौंपा। सूबेदार श्रद्धानंद ने बताया कि इस मांगपत्र के साथ-साथ मातनहेल, खापड़वास, आजाद नगर, बंबूलिया, चढ़वाना, अमादलशाहपुर, नौगांवा, रूडियावास, अकेहड़ी मदनपुर, मूंदसा, बिरड़, छुछकवास सहित 14 ग्राम पंचायतों के सहमति पत्र भी सौंपे गए हैं। प्राचार्य ने पूर्व सैनिकों को आश्वासन दिया कि वे इस एनसीसी शाखा खुलवाने का प्रयास करेंगे। इस मौके पर सूबेदार सत्यप्रकाश, सूबेदार धर्मवीर, कैप्टन जगपाल, सूबेदार मेजर धर्मपाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### दिव्यांगों व वरिष्ठ नागरिकों के लिए किया विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन

झज्जर। भारतीय जनता पार्टी द्वारा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों एवं बुजुर्गों के लिए विशेष पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर आधारित एक प्रदर्शनी भी लगाई गई। जिसमें उनके जीवन मूल्यों, संघर्षों एवं सेवाभाव से जुड़े विभिन्न पहलुओं को दर्शाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़ ने शिरकत की। भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, दिनेश कौशिक, नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, संजय कबलाना आदि ने कहा कि सेवा पखवाड़े जैसे कार्यक्रम समाज के कमजोर वर्गों तक सहायता पहुंचाने और जनता को सरकार की योजनाओं से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम हैं। इस मौके पर जिला मीडिया प्रभारी गीतांशु चावला, मनीष बंसल, केशव सिंगल, कमल गिरोत्रा, रवि गुर्जर, जयकिशन छिल्लर, दयाकिशन सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। पंजीकरण शिविर में उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता। फोटो :हरिभूमि

# परिवारों की मजबूती से सशक्त होगा देश

पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को सच्चाई-गहराई से सींचना जरूरी

बहादुरगढ़। राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण ने परिवारों और समाज की मजबूती का संदेश देते हुए कहा कि यह राष्ट्र की मजबूती की नींव रखता है। वे सोमवार को शहर के शक्ति नगर में एक सामाजिक कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। हरिवंश नारायण लगातार दूसरी बार राज्यसभा के उपसभापति हैं। अपनी सुरक्षा में तैनात दिल्ली पुलिस के जवान आशीष मोनू हुड्डा के नवनिर्मित घर के गृहप्रवेश पर पहुंचकर उन्होंने बधाई दी। उन्होंने परिवार के लोगों के साथ बातचीत की और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि परिवार हमारे समाज की मजबूत कड़ी है। पारिवारिक और सामाजिक संबंधों को सच्चाई-गहराई से सींचना जरूरी है। हमें सदा बड़ों का सम्मान और आदर करना चाहिए। इस पद पर रहते हुए उन्होंने राज्यसभा के बेहतर संचालन और सभासदों के बीच बेहतर सामंजस्य बनाने का काम किया है। हरिवंश नारायण ने कहा कि इस वक्त देश प्रगति के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। देशभर में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। इस मौके पर संजय राठी, धर्मपाल धनखड़, सुनील खत्री, देवराज व भूपेंद्र आदि मौजूद रहे।



बहादुरगढ़। उपसभापति हरिवंश नारायण का स्वागत करते धर्मपाल धनखड़ व संजय राठी।

### शिक्षकाओं ने किया डांडिया नृत्य



झज्जर। डांडिया नृत्य के दौरान विद्यार्थियों के साथ मंच पर उपस्थित शिक्षिकाएं।

झज्जर। एलए स्कूल में नवरात्रों के उपलक्ष्य में महिला शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। स्कूल प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि उनके संस्थान में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा भी की गई। उन्होंने विद्यार्थियों को नवरात्र का महत्व बताते हुए पढ़ाई के साथ-साथ अपने देश की संस्कृति बारे जानकारी दी। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनीता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया व भविष्य दहिया के अलावा स्कूल एचऑडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, म्यूजिक टीचर जितेंद्र कुमार सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## एचडी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स को मिले ए ग्रेड सर्टिफिकेट्स

*संस्थान के 50 विद्यार्थियों को यह सर्टिफिकेट मिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में एनसीसी कैडेट्स को हरियाणा नौ सेना की एनसीसी इकाई की तरफ से ए ग्रेड के सर्टिफिकेट वितरित किए गए हैं। विद्यालय के सीटीओ महेंद्र शर्मा ने बताया कि उनके संस्थान के 50 विद्यार्थियों को यह सर्टिफिकेट मिला है। उन्होंने बताया कि 1 हरियाणा नेवल यूनिट एनसीसी की पूरे जिले में 50 नियमित सीटें केवल उनके संस्थान के पास है। इस उपलबधि पर एचडी ग्रुप के डायरेक्टर रमेश गुलिया ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए बताया कि एनसीसी कैडेट्स को हर क्षेत्र में अलग से फायदा मिलता है। चाहे आर्मी, नेवी या मिलिट्री की बात हो या फिर किसी कोर्स में दाखिले की। हर जगह इसके अलग से अंक मिलते हैं। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने ए ग्रेड सर्टिफिकेट लेने वाले एनसीसी कैडेट्स के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित ए ग्रेड सर्टिफिकेट हासिल करने वाले एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### पौधे लगाने के लिए किया प्रेरित

बहादुरगढ़। क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट से जुड़े पर्यावरणविद वजीर सिंह दहिया ने शहर के राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में सेवा पखवाड़े के तहत पर्यावरण संरक्षण विषय पर विद्यार्थियों को जागरुक किया। प्रिंसिपल मंजू रानी, वाइस प्रिंसिपल सुशीला, प्राध्यापिका सुमित्रा तेवतिया, श्रीनाथ, प्रवीण जाखड़, हरीश, सुशीला व कोमल आदि ने वजीर सिंह दहिया का पौधा देकर स्वागत किया। वजीर सिंह ने बच्चों को समझाया कि पर्यावरण संरक्षण हम सबके लिए बेहद जरूरी है। हम सबको एक दूसरे के साथ मिलकर पौधे लगाने चाहिए और उनकी देखभाल भी करनी चाहिए। क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट पौधारोपण को लेकर निरंतर अभियान चलाती रहती है। युवा वर्ग इस सेवा से जुड़कर पेड़ पौधों को बचाने में मदद कर सकता है।

### विश्व ओजोन दिवस पर प्रतियोगिता आयोजित



झज्जर। संस्थान स्टाफ सदस्यों के उपस्थित विजेता छात्राएं। फोटो :हरिभूमि

झज्जर। महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने विश्व ओजोन दिवस पर आयोजित प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीते हैं। सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी डॉक्टर तितिक्षा रोहिल्ला ने बताया कि वैश्य शिक्षण संस्थान रोहतक द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में उनके संस्थान की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा शिक्षा ने प्रथम स्थान और बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा मुस्कान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा जीवीएम सोनीपत द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में भी बीए प्रथम वर्ष की छात्र शिक्षा तृतीय रही। इस उपलब्धि पर संस्थान की प्राचार्या डॉक्टर चित्रलेखा ने स्टाफ सदस्यों को बधाई देते हुए होनहार छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

### नन्हें विद्यार्थियों ने दी गरबा व नृत्य की प्रस्तुति



झज्जर। डांडिया नृत्य की प्रस्तुति के दौरान उपस्थित नन्हें विद्यार्थी।

*झज्जर। किड्ज शैशव स्कूल, वैदिक गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी व मोंटेसरी विंग में नवरात्र के उपलक्ष्य में गरबा उत्सव मनाया गया। उत्सव की शुरुआत मां दुर्गा की पारंपरिक वंदना और आरती के साथ की गई। विद्यार्थियों ने दुर्गा मां के अलग-अलग रूप के गुणों का वर्णन किया। स्कूल निदेशिका ऊषा गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि हमें भी मां दुर्गा के स्वरूपों की तरह शांति, शक्ति, भक्ति और जरूरत पड़ने पर मां काली के रूप को धारण कर स्वयं व समाज की रक्षा करनी चाहिए। विद्यालय के प्रांगण को रंग-बिरंगी लाइट व पारंपरिक गुजराती कलाकृतियों से सजाया, जिससे उत्सव का माहौल और भी मनमोहक हो गया। विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगे परिधानों से सजकर गरबा और डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी। इस मौके पर प्राचार्या आरती शर्मा, नीलम व दीपिका सहित अन्य भी उपस्थित रहे।*

## डांडिया और गरबा जैसे नृत्य भारतीय संस्कृति की धरोहर

# राजकीय गर्ल्स कॉलेज में मनाया डांडिया उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ में सोमवार को सांस्कृतिक समिति द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में डांडिया कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छात्राओं ने पारंपरिक परिधानों में सुसज्जित होकर समूहों में डांडिया प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य अल्का गुलाटी ने की।

सोमवार को शहर के गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में विविध रंगों की पोशाकों और नवरात्रि के गीतों पर झूमती छात्राओं ने कॉलेज प्रांगण को एक सांस्कृतिक मेले का रूप दे दिया। प्रिंसिपल अलका गुलाटी ने छात्राओं की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन उन्हें अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ते हैं। उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन एवं सामूहिक सहयोग की भावना का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि डांडिया और गरबा जैसे नृत्य भारतीय संस्कृति की धरोहर हैं, जिन्हें युवा पीढ़ी के बीच लोकप्रिय बनाना आवश्यक है।

प्रस्तुति में नृत्यकला के साथ भारतीय संस्कृति व परंपरा की झलक स्पष्ट दिखाई दी



बहादुरगढ़। राजकीय महिला महाविद्यालय में डांडिया खेलती छात्राएं।

### छात्राओं का उत्साहवर्धन किया

सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. सीमा, डॉ. रीना, डॉ. सुशीला, डॉ. शशि भारद्वाज, रामेंद्र हुड्डा व रेखा आदि के मार्गदर्शन में छात्राओं की प्रस्तुति में नृत्यकला के साथ भारतीय संस्कृति और परंपरा की झलक भी स्पष्ट दिखाई दी। कार्यक्रम में डॉ. सुदेश राठी व डॉ. शिल्पा समेत अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। उनके अनुसार यह डांडिया कार्यक्रम धार्मिक आस्था के साथ-साथ समाज को संस्कृति और परंपराओं से जोड़ने का संदेश भी देता है।

### भट्टी गेट क्षेत्र में माता का जागरण आज

झज्जर। शहर के भट्टी गेट क्षेत्र में युवा समाज समिति द्वारा मंगलवार को 38वें विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जाएगा। समिति सदस्य करणे सैनी व रामफूल गुर्जर ने बताया कि जागरण में भाजपा नेता मनीष बंसल बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए ज्योति प्रज्जवलित करेंगे। वहीं प्रख्यात कलाकारों द्वारा अपने भजनों के माध्यम से माता की महिमा का गुणगान किया जाएगा।

**सूचना**

मैं,रमेश कुमार पुत्र रामफल निवासी गांव जाखौदा, तहसील बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र विनय व पुत्रवधु राखी मेरे कहने-सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप



बहादुरगढ़। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल के साथ अनिल खत्री।

### गुजरात के सीएम से मिले अनिल खत्री

बहादुरगढ़। भारतीय तैराकी संघ और हरियाणा ओलम्पिक संघ के उपाध्यक्ष अनिल खत्री ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की। अहमदाबाद में चल रही 11वीं एशियन एक्वेटिक चैम्पियनशिप के मौके पर अनिल खत्री ने तैराकी के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने पर सीएम भूपेंद्र पटेल को बधाई दी। उन्होंने हरियाणा के तैराकों के विकास के लिए बेहतर व्यवस्था और बेहतर तकनीक के इस्तेमाल पर भी चर्चा की।

### खानपुर खुर्द गांव में जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव आज

झज्जर। जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को गांव खानपुर खुर्द स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसकी अध्यक्षता डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल करेंगे व जिला प्रशासन के सभी अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान डीसी ग्रामीणों से बातचीत करेंगे, उनकी समस्याएं सुनेंगे और मौके पर समाधान सुनिश्चित करेंगे। विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाकर ग्रामीणों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का भी आयोजन होगा।

## प्राचीन रामलीला मैदान में दिन के समय किया मंचन

# हनुमानजी ने श्रीराम से कराई सुग्रीव की मित्रता, बाली का किया वध

मंचन की शुरुआत किष्किंधा पर्वत पर लगे वानर राज सुग्रीव के दरबार से हुई

बाली ने बलपूर्वक उसकी पत्नी व राज्य छीन लिया। अब वे उसके डर से इस पर्वत पर आकर रहने लगे हैं। इसके बाद जब श्रीराम जी बाली का वध करके उन्हें राजा बनाने का आश्वासन देते हैं तो सुग्रीव उनका पराक्रम जांचने के लिए एक ही बाण से ताड़ के सात वृक्षों को गिराने की बात कहता है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

प्राचीन रामलीला मैदान में दिन के समय किए रामलीला मंचन में सोमवार को श्रीराम-सुग्रीव मित्रता व बाली वध तक की कथा का मंचन किया गया। मंचन की शुरुआत किष्किंधा पर्वत पर लगे वानर राज सुग्रीव के दरबार से हुई। वे जब पर्वत के नजदीक दो तपस्वी वेषधारी श्रीराम एवं लक्ष्मण को देखता है तो अपने सेवक हनुमान को उनका भेद जानने के लिए भेजते हैं। इसके बाद हनुमान जी ब्राह्मण का रूप धारण करके श्रीराम-लक्ष्मण से मिलते हैं। उनकी व्यथा सुनने उपरांत वे उन्हें महाराज सुग्रीव के पास ले जाते हैं। उसके बाद सुग्रीव श्रीरामचंद्र जी को बताते हैं उनके भाई बाली ने बलपूर्वक उसकी पत्नी व राज्य छीन लिया। अब वे उसके डर से इस पर्वत पर आकर रहने लगे हैं।

इसके बाद जब श्रीराम जी बाली का वध करके उन्हें राजा बनाने का आश्वासन देते हैं तो सुग्रीव उनका पराक्रम जांचने के लिए एक ही बाण से ताड़ के सात वृक्षों को गिराने की बात कहता है। जब श्रीराम जी वृक्षों को गिराने में सफल हो जाते हैं तो उनके कहने पर वह बाली से लड़ने जाता है और पराजित होकर लौटता है। इसके बाद श्रीराम उन्हें बताते हैं कि दोनों भाईयों की सूरत मिलने के कारण वे बाण चलाने का निर्णय नहीं ले पाए। इसके बाद श्रीराम जी उन्हें फूलों की माला पहनाकर फिर से युद्ध करने भेजते हैं तथा बाण चलाकर बाली का वध कर देते हैं।





रोहतक। झज्जर। श्रीराम चंद्र जी को अयोध्या लाने के लिए वन पहुंचे भरत व सुग्रीव व बाली युद्ध में सुग्रीव को पहचाने की कोशिश करते हुए श्रीरामचंद्र जी।



झज्जर। अयोध्या पहुंचने पर अपनी मां कैकई को पिता की मृत्यु का दोष देते हुए भरत एवं शत्रुघ्न।

### रात्रि रामलीलाओं में हुआ श्रीराम एवं भरत का मिलाप

उधर, रात्रि रामलीला मंचन में भरत के ननिहाल से अयोध्या लौटने, पिता की मृत्यु व श्रीराम, सीता जी व लक्ष्मण के वन जाने का पता चलने पर अपनी माता कैकई को दोष देने, गुरु वशिष्ठ से परामर्श लेकर श्रीरामचंद्र जी को वन से वापिस लाने के दृश्यों का मंचन किया गया। भरत जब वन में भटकते हुए श्रीराम, सीया व लक्ष्मण को तलाश कर लेते हैं तो उनसे अयोध्या लौटने की बात कहते हैं। जब श्रीराम मना करते हैं तो भरत कहता है कि जब तक आप अयोध्या नहीं लौटोगे वह भी वनवासी रूप में रहेगा। इसके बाद श्रीराम उसे अपनी खंड़ाऊ सौंपते हैं जिन्हे लेकर भरत वापिस अयोध्या लौटता है। इस मार्मिक मंचन को देखकर दर्शक भाव विभोर उठे।



बहादुरगढ़। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती कॉलेज की छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## स्पेशल बच्चों के साथ किया गरबा और डांडिया नृत्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

नूना माजरा स्थित बाबा रामदास इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेशल एजुकेशन और श्री ओमवीर सिंह इंस्टिट्यूट ऑफ रिहेबिलिटेशन द्वारा सोमवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था अध्यक्ष नवीन देशवाल ने दीप प्रज्वलन कर किया। छात्र-छात्राओं ने आशा किरण व नक्षत्र स्पेशल स्कूल के स्पेशल बच्चों के साथ मिलकर गरबा, डांडिया, देवी वंदन व नृत्य प्रस्तुत किया।

## रिपब्लिक-डे कैंप के लिए संस्कारम् की एनसीसी कैडेट तनिष्का का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास की एनसीसी कैडेट तनिष्का का चयन रिपब्लिक-डे कैंप के लिए हुआ है। विद्यालय के एनसीसी कार्यवाहक अधिकारी मनीष योगी ने बताया कि तनिष्का के चयन के लिए प्रारंभिक प्रशिक्षण रेवाड़ी स्थित आठ बटालियन हरियाणा द्वारा आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण सत्र में राज्य भर से पहुंचे एनसीसी कैडेट्स के अनुशासन, शारीरिक दक्षता, ड्रिल और नेतृत्व क्षमता जैसे विभिन्न मापदंडों पर उनका मूल्यांकन किया गया। तनिष्का ने अपनी लगन, कड़ी मेहनत और उत्कृष्ट अनुशासन का प्रदर्शन करते हुए सभी मापदंडों पर खरा उतरते हुए आरडीसी के अगले चरण के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया है। चयनित कैडेट तनिष्का अब आगामी सात अक्टूबर से हिसार में आयोजित होने वाले रिपब्लिक-डे कैंप के अग्रिम प्रशिक्षण शिविर में भाग लेगी। यह शिविर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने वाले अंतिम कैडेट्स के चयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने तनिष्का के चयन पर अभिभावकों व संस्थान स्टाफ को बधाई देते उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



झज्जर। कार्यशाला में अपनी बात रखते हुए विषय विशेषज्ञ। फोटो : हरिभूमि

### आयुर्वेद के शोध में आधुनिक तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यशाला आयोजित

झज्जर। अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की स्थानीय इकाई द्वारा आयुर्वेद के शोध में आधुनिक तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चिकित्सकों के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में हरियाणा प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी कुमार गौतम ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि नारनौल स्थित बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय के विभागाध्यक्ष गौरव मुंजाल, कुलभूषण शर्मा व जितेंद्र सुहाग विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे। डॉक्टर अश्विनी कुमार गौतम ने अपने संबोधन में कहा कि आयुर्वेद के विकास व सम्मान में आयुर्वेद महासम्मेलन का बहुत बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने अनेक उदाहरणों से इस पर प्रकाश डाला। मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए डॉक्टर नरेश दलाल ने कहा कि आयुर्वेद महाविद्यालयों से पढ़े बीएएमएस, एमडी व उच्च डिग्री के चिकित्सकों को चिकित्सा में निदान व उपचार के लिए आधुनिक तकनीकों के प्रयोग से वंचित रखा जा रहा है। सरकारों को चाहिए कि इसके लिए वैधानिक प्रावधान किए जाएं। जो विषय राज्य सरकार के अधीनस्थ हैं वे राज्य के विशेषाधिकार से अधिसूचना जारी कर किए जा सकते हैं और जो नियम कानून केंद्र की सरकार के अधीन हैं उनमें आवश्यक संशोधन लाकर या नए कानून बना कर आयुर्वेद के चिकित्सकों को सक्षम बनाया जा सकता है। इस मौके पर डॉक्टर ज्योति, डॉक्टर विकास कुमार, डॉक्टर सतीश जून, डॉक्टर कविंद्र किन्हा, डॉक्टर विजय, डॉक्टर अजय वत्स, डॉक्टर करण चावला, मुकेश वैद्य, डॉक्टर तरुण कौशिक, डॉक्टर भूपेंद्र प्रजापति, डॉक्टर अरुण सैनी, डॉक्टर अमरजीत, डॉक्टर वीरेंद्र, डॉक्टर वीरेंद्र, डॉक्टर मंजीत, डॉक्टर रॉबिन, नीमा के पूर्व अध्यक्ष डॉक्टर रवींद्र मलिक सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### इनेलो में मिला पिछड़ा वर्ग के लोगों को सम्मान

झज्जर। इंडियन नेशनल लोकदल पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन महेंद्र सिंह ढाकला ने सोमवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि ताऊ देवीलाल जयंती पर रोहतक में आयोजित समारोह में उमड़े जन सैलाब ने साबित कर दिया है कि आगामी सरकार इनेलो की बनेगी। उन्होंने कहा कि इंडियन नेशनल लोकदल ही पिछड़ा वर्ग की सच्ची हितैषी है। उन्होंने कहा कि बीती 25 सितंबर को देवीलाल जयंती में जिले से ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में पिछड़ा वर्ग के लोग उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने पहुंचे। किसानों के मसीहा देवीलाल ने पिछड़ा वर्ग के कल्याण के लिए अनेक कदम उठाए और नौकरियों में पिछड़ा वर्ग को पूरा हक दिया। उन्होंने बुढ़ापा पेंशन लागू कर बुजुर्गों को सम्मान दिया। इस बार 2029 के विधानसभा चुनाव में इंडियन नेशनल लोकदल का पूरा साथ देते हुए अभय सिंह चौटाला को मुख्यमंत्री बनाएंगे।



बहादुरगढ़। अदिति को भव्य स्वागत करते बुल्लड़ पहलवान व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### अदिति ने नागपुर में जीता गोल्ड मेडल

बहादुरगढ़। गांव बराही की बेटी और वर्तमान में नेहरू पार्क निवासी अदिति ने नागपुर के ज्योतिबा फिजिकल एजुकेशन कॉलेज में हुई फ्री स्टाइल कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता। जीतने के बाद सर छोटूराम खेल संस्था बुल्लड़ अखाड़े में पहुंचने पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। अदिति अब अगले महीने चंडीगढ़ में होने वाली आल इंडिया इंटर कॉलेज कुश्ती चैंपियनशिप के 76 किलो भारवर्ग में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेगी। उसने नागपुर में हुई इंटर कॉलेज कुश्ती प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतकर अपने अखाड़े के साथ ही शहर व बराही गांव का नाम रोशन किया है। वीरेंद्र बुल्लड़ पहलवान ने बताया कि अदिति बारहवीं के बाद बीपीएड प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रही है। बहादुरगढ़ पहुंचने पर छोटूराम खेल संस्था की तरफ से नोटों व फूलों की माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर खुशी मनाई। बुल्लड़ पहलवान ने अदिति के उज्जवल भविष्य की कामना की। पूर्व पार्षद अलबेल पहलवान के बड़े भाई अनूप छिल्लर की पौत्री अदिति ने इस सफलता के लिए कोच के साथ ही मां मनीषा और पिता मनवीर सहित परिजनों के सहयोग को सराहा। इस मौके पर जतिन प्रधान, अशोक, अनुज, कमल, मोहित, जाहिद खान, सुरेंद्र, टोनी, सतबीर, सहीराम, विष्णु, बलराज, सोनिया, रिद्धम, अवनि, यशस्वी, रितू, दीपिका, पलक व बिपासा आदि ने अदिति को बधाई दी।

## जजपा नेताओं ने भाजपा-कांग्रेस को घेरा

अजय चौटाला व दुष्यंत नहीं आए तो बांगड़ और बृज शर्मा ने भरा वर्करों में जोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते बृज शर्मा। फोटो : हरिभूमि

शहर की दीनबंधु सर छोटूराम धर्मशाला में सोमवार को जननायक जनता पार्टी का जिला स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। इसमें तय कार्यक्रम के अनुसार राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय सिंह चौटाला और पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला नहीं पहुंचे, लेकिन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष केसी बांगड़, प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा सहित वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार किया। जिलाध्यक्ष संजय दलाल ने कार्यकर्ताओं का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कहा कि जजपा का संगठन जमीनी स्तर पर मजबूत और सक्रिय है।

सम्मेलन में केसी बांगड़ ने कहा कि प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से परेशान है। भाजपा केवल झूठे वादों से जनता को गुमराह कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने कहा कि भाजपा के राज में कानून व्यवस्था बदहाल है, युवा बेरोजगार है और विकास का अभाव है।

उन्होंने कहा कि हुड्डा राज में भी भ्रष्टाचार और परिवारवाद चरम पर था। जजपा ही प्रदेश की असली आवाज है। जिलाध्यक्ष संजय दलाल ने भविष्य में बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

### ये रहे मौजूद

*सम्मेलन में हलकाध्यक्ष संदीप अहलावत, प्रभारी राजू दलाल, धर्मेंद्र गुलिया, मिंटू ठेकेदार, जिप वाइस चेयरमैन राजीव दलाल, महिला जिलाध्यक्ष शीला गोदारा, दिलबाग सिंह, राकेश सिहाग, मुकेश सिहाग, देवेंद्र दलाल, उमेद सैन, अमर सिंह, मनोज पंचाल, कृष्ण सिलाना, उपेंद्र कादियान, सोनू मातनहेल, नसीब भारती, राजेंद्र दलाल, अजय गुलिया, अमित दलाल, सुरेश फौजी, सुमेर धनखड़ व लवप्रीत दलाल आदि मौजूद रहे।*



झज्जर। रैली के शुभारंभ पर उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

### नशा मुक्त भारत अभियान पर निकाली जागरूकता रैली

झज्जर। गुरु गोरखनाथजी राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में सोमवार को सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत नशा मुक्त भारत अभियान पर एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया। संस्थान के प्राचार्य दिगपाल सिंह ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए नशा मुक्त समाज के निर्माण के लिए युवाओं को आगे आने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर परमाल सिंह व कुलदीप सिंह ने संबोधित किया।

### हनुमान स्वरूप मुकुट धारण करने वाले युवाओं के किया यज्ञ

झज्जर। सोमवार को बाबा कांशीगिरी मंदिर में हनुमान स्वरूप मुकुट धारण करने वाले युवाओं ने यज्ञ किया और सर्वमंगल की कामना की। पंडित पवन कौशिक ने मंत्रोचारण के साथ यज्ञ कराया। हनुमान का स्वरूप धारण करने वाले साहिल वर्मा, तुषार वर्मा, सक्षम वर्मा, मनोहर लाल, गुलशन सैनी, लोकेश वर्मा, आयुष ग्रोवर, हेमंत वर्मा, राघव हंस, वंशु, सक्षम, भवित वर्मा, जीतू वर्मा, सतीश वर्मा, गणपत राय, वेद बहल पाशु, सुभाष वर्मा, वीके शर्मा सुधांशु हंस, प्रदीप काठपालिया, काके मल्होत्रा, रमेश लखेरा, रुद्र कौशिक, सुंदर वर्मा, सुभाष वर्मा, शिवम तनेजा, भारत ग्रोवर, दीपांशु छाबड़ा आदि ने यज्ञ में आहुति डाली।



झज्जर। यज्ञ में आहूति डालते हुए हनुमान स्वरूप धारण करने वाले युवा।



बहादुरगढ़। हार्ट हेल्थ को लेकर जागरुक करती स्वयंसेविकाएं। फोटो : हरिभूमि

### पोस्टरों के माध्यम से दिल के प्रति किया जागरूक

बहादुरगढ़। वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में सेवा पखवाड़े के अंतर्गत विश्व हृदय दिवस पर स्वयंसेविकाओं ने स्वस्थ हृदय स्वस्थ जीवन पर आकर्षक पोस्टर बनाए और समाज को जागरूक करने का प्रयास किया। स्वयंसेविकाओं ने हृदय रोग से बचाव के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव-मुक्त जीवनशैली और नशे से दूर रहने के महत्व पर विशेष संदेश दिए। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि बदलती जीवनशैली, खानपान की खराब आदतें और तनाव भरी जिंदगी के चलते आज ज्यादातर लोगों को दिल से जुड़े रोगों की शिकायत रहने लगी है। हार्ट हेल्थ को लेकर जागरूकता फैलाने के लिए हर साल 29 सितंबर को विश्व हृदय दिवस मनाया जाता है। वर्तमान में हृदय रोग युवाओं को भी अपना शिकार बना रहा है। इससे बचने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के साथ बुरी आदतों को छोड़ना होगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## राजकीय स्कूलों में हुई प्रतियोगिता, चेयरपर्सन ने किया पुरस्कृत

# बच्चों ने पेंटिंग्स से दिया स्वच्छता का संदेश

प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

सेवा पखवाड़े के अंतर्गत सोमवार को शहर के राजकीय स्कूलों में विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। भाजपा की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तथा राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विशेष पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। चेयरपर्सन सरोज राठी ने चित्रकला प्रतियोगिता की जिला संयोजक के तौर पर विजेताओं को पुरस्कृत किया।



बहादुरगढ़। रावमावि में विजेता विद्यार्थियों के साथ चेयरपर्सन व स्टॉफ।

सोमवार को दोनों राजकीय स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में चेयरपर्सन सरोज राठी ने बच्चों द्वारा बनाई गई पेंटिंग्स का अवलोकन किया। उनके अनुसार ऐसी प्रतियोगिताएं बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों की समझ बढ़ाती हैं। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी कला से समाज को जागरूक करने का प्रयास किया।

*बच्चों ने सामाजिक जिम्मेदारियों के एहसास को प्रकट किया:* विद्यार्थियों ने स्वच्छता अभियान, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ, संस्कार और सेवा भाव जैसे महत्वपूर्ण संदेशों को अपने चित्रों में जीवंत कर दिया। रावमावि की प्रधानाचार्या मंजू रानी और राकवमावि की प्रधानाचार्या प्रवीण देवी ने बताया कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से बच्चों ने सामाजिक जिम्मेदारियों के एहसास को प्रकट किया। चेयरपर्सन सरोज राठी ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया और सभी प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। इस मौके पर मार्केट कमेटी के चेयरमैन विनोद कौशिक, वाइस चेयरमैन प्रदीप गुप्ता, पार्षद राजेश तंवर, मनमोहित गुप्ता, सुमित आदि उपस्थित रहे।



झज्जर। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित संस्था सदस्य एवं युवा।

### जेंडर संवेदनशीलता पर युवाओं को दिया प्रशिक्षण

झज्जर। ब्रेकथ्रू संस्था द्वारा जेंडर संवेदनशीलता पर युवाओं को एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में युवाओं को अपने और समुदाय के मुद्दों को समझने, उनके समाधान की दिशा में आगे बढ़ने तथा नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया गया। युवाओं को समुदाय और लोगों को जोड़कर एक सशक्त लीडर के रूप में सामने लाने पर भी बल दिया गया। प्रशिक्षकों ने कहा कि हमारे समाज में लड़का और लड़की को महत्व दिया जाता है, जबकि इनसे अलग भी जेंडर मौजूद हैं। इस दौरान हिना, तमन्ना, अभिषेक, हिमांशु व दीपक ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर सुशील, ममता मीणा, राहुल, पूनम, साहिल, अनुराधा, नरेंद्र सहित अन्य भी उपस्थित रहे।